एम. ए. (हिंदी)

सत्रांत परीक्षा, द्वितीय सेमेस्टर (दूसरा सत्र), 2017

विषय कोड सं. PGHND2C006T प्रश्न–पत्र : भाषाविज्ञान

समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक : 100

निर्देश : 1. प्रश्न पत्र में तीन अनुभाग क, ख तथा ग हैं।

2. अनुभाग 'क' में दस बहुविकल्पी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न डेढ अंक का है।

3. अनुभाग 'ख' में पांच लघु उत्तरी प्रश्न आन्तरिक चयन/अथवा के साथ दिये गये हैं। परीक्षार्थी को सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न आठ अंक का है।

4. अनुभाग 'ग' में प्रत्येक इकाई से एक–एक दीर्घ उत्तरी प्रश्न आन्तरिक चयन के साथ दिये गये हैं। जिसमें से परीक्षार्थी को तीन प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न पन्द्रह अंक का है।

अनुभाग : क (बहुविकल्पी प्रश्न) **10 × 1.5 = 15**

प्रश्न. 1 (i) 'भाषाविज्ञान की भूमिका' नामक ग्रंथ के लेखक कौन हैं–

(क) राजमणि शर्मा (ख) देवेन्द्रनाथ शर्मा

(ग) द्वारिका प्रसाद सक्सेना (घ) बाबूराम सक्सेना

(ii) संरचनात्मक पद्धति में भाषा के किस पक्ष का अध्ययन किया जाता है?

(क) भाषा (ख) बोली

(ग) भाषाविज्ञान (घ) भाषा संरचना

(iii) निम्नलिखित में जिह्वा का अग्र स्वर है–

(क) उ (ख) आ

(ग) इ (घ) अ

(iv) इसमें कौन मध्य स्वर लोप है?

(क) नाज (ख) नींद

(ग) थान (घ) गर्दन

(v) रूपान्तर के दृष्टि से शब्द का भेद है–

(क) वाचक (ख) विकारी

(ग) प्रत्यय (घ) धातु

(vi) इसमें मिश्रित रूपिम है–

(क) थलसेनाध्यक्ष (ख) लड़ाई

(ग) रसोईघर (घ) छात्रावास

(vii) इसमें वाक्य की संरचना का तत्व है–

(क) प्रत्यय (ख) आकांक्षा

(ग) निपात (घ) प्रातिपदिक

(viii) निम्नलिखित में से कौन–सा शैली के आधार वाक्य का भेद है?

(क) क्रिया–युक्त (ख) श्लिष्ट

(ग) समीकृत (घ) संयुक्त

(ix) अर्थ के संदर्भ 'उत्पत्तिवाद' शब्द का उल्लेख किस ग्रंथ में मिलता है–

(क) निघण्टू (ख) महाभारत

(ग) महाभाष्य (घ) ऋग्वेद

(x) ब्रील के अनुसार अर्थ परिवर्तन की दिशा नहीं है?

(क) अर्थ–संकोच (ख) अर्थ–विस्तार

(ग) अर्थादेश (घ) भावावेश

अनुभाग : ख (लघु उत्तरी प्रश्न) 5 × 8 =40

प्रश्न. 2 भाषाविज्ञान को परिभाषित करते हुए, उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

अथवा

समाजभाषा विज्ञान पर एक निबंध लिखिए।

प्रश्न. 3 स्वनिवितरण–सिद्धांत से आप क्या समझते हैं? स्वनिवितरण सिद्धांत के भेदों को समझाइए।

अथवा

ध्वनि की परिभाषा देते हुए, व्यंजन ध्वनि को उदाहरण सहित समझाइए।

प्रश्न. 4 शब्द को परिभाषित करते हुए, उसके भेदों को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

रूप से आप क्या समझाते हैं? रूप के स्वरूप और उसके भेदों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न. 5 वाक्य की परिभाषा देते हुए, वाक्य की संरचना का सोदाहरण परिचय दीजिए।

अथवा

वाक्य के निकटस्थ अवयव को समझाते हुए, उसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न. 6 शब्दार्थ संबंध विवेचन का वर्णन कीजिए। **अथवा**

अर्थ–बोध के साधन के विकास पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए।

खण्ड : ग (दीर्घ उत्तरी प्रश्न) 3 × 1

प्रश्न. 7 शैलीविज्ञान को समझाते हुए, उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न. 8 ध्वनि परिवर्तन की दिशाओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न. 9 रूपिम को परिभाषित करते हुए, उसके वर्गीकरणों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न. 10 वाक्य परिवर्तन से आप क्या समझते हैं? वाक्य परिवर्तन के कारणों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न. 11 अर्थ परिवर्तन के दिशाओं को रेखांकित कीजिए।